## खबर संक्षेप

### मझगवां के पटना के पास अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, युवक घायल

**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटना के समीप एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है,जहाँ एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर अचानक फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की डायल 112 टीम तत्परता से मौके पर पहुँची। पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए घायल युवक को तुरंत मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।डॉक्टरों की देखरेख में घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### भाजपा की मझगवां और हिरौंदी शक्ति केंद्र की बैठकें संपन्नः

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज मझगवां मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र मझगवां और शक्ति केंद्र हिरौंदी की महत्वपूर्ण बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इसके साथ ही मंडल के सभी शक्ति केंद्रों की बैठकों का दौर भी आज पूरा हो गया। मझगवां शक्ति केंद्र की बैठक में मुख्य वक्ता एवं मंडल प्रभारी डॉ.पंकज सिंह परिहार का विशेष मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।

# बाजार में नारकीय हालात, सड़कें टूटी; महीना बीतने के बाद भी रेस्टोरेशन अधूरा



**सतना।** नगर के सबसे व्यस्त और रीढ़ माने जाने वाले शहरी बाजार क्षेत्र में इन दिनों आम जनता और व्यापारियों के सब्र का बांध अब टूटने की कगार पर है। हालत यह है कि पिछले कई महीनों से लोग गड्ढों से छलनी हो चुकी सड़कों पर रेंगने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर खोदी गई सड़कों को जस का तस छोड़ दिया गया है,जिसने अब एक बड़ी मुसीबत का रूप ले लिया है।

### दुकानदार बेहाल,धूल फांक रहे राहगीर

इस बदहाली ने बाजार का दम घोंट कर रख दिया है। चौबीसों घंटे उड़ने वाले धूल के गुबार ने दुकानदारों और ग्राहकों का जीना मुहाल कर दिया है।

### सामान हो रहा खराबः

कपड़े,इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य कीमती सामान धूल की वजह से खराब हो रहे हैं। खाने-पीने की दुकानों और होटलों में रखी खाद्य सामग्रियों पर धूल की मोटी परतें जम रही हैं,जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बाजार आने वाले लोग अब इस रास्ते पर आने से कतराने लगे हैं,जिससे व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है।

### ठेकेदार गायब,फाइलों में व्यस्त साहब!

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि टूटी हुई सड़क को दुरुस्त करने और रेस्टोरेशन (सड़क मरम्मत) का यह काम महज कुछ दिनों का था।लेकिन महीना गुजर जाने के बाद भी काम आधा-अधूरा पड़ा हुआ है। चौक इलाके से लेकर पुराना नगर निगम तक की सड़क मलबे और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। मौके से ठेकेदार के कर्मचारी भी नदारद हैं। सवाल यह उठता है कि जब जनता हर दिन धूल का जहर निगल रही है और आए दिन लोग इन गड्ढों के कारण दुर्घटना का शिकार होकर अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं,तब नगर निगम और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर कौन सी फाइलें पलट रहे हैं?



### क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

जनता और व्यापारी वर्ग में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। यदि जल्द ही इस सड़क का रेस्टोरेशन कार्य पूरा नहीं किया गया,तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पतेरी में सामुदायिक भवन जनता को समर्पित, सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा



**सतना।** शहर के वार्ड क्रमांक 29,पतेरी के निवासियों को विकास कार्यों की एक बड़ी सौगात मिली है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने 64 लाख की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सामुदायिक भवन का विधि-विधान से लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा,जनसेवा हमारा सर्वोच्च दायित्व है। नगर निगम हर वार्ड के चहुंमुखी विकास और नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह भवन क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस गरिमामयी अवसर पर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पालन',भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री स्वप्ना,एमआईसी सदस्य रानी बालकृष्ण शुक्ला सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी और भारी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। लंबे समय से सर्वसुविधायुक्त भवन की मांग कर रहे स्थानीय नागरिकों ने इस पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर व नगर निगम प्रशासन का आभार जताया है।

## भीषण गर्मी में पलटा सवारियों से भरा ई-रिक्शा, समाजसेवियों ने बचाई 8 जिंदगियाँ

**सतना।** क्षेत्र के खगौरा से सतना जा रहे एक ओवरलोड ई-रिक्शा के अचानक पलट जाने से चीख-पुकार मच गई। रिक्शे में क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठी थीं और ऊपर सामान की बोरियाँ लदी हुई थीं। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहाँ से गुजर रहे समाजसेवियों ने तत्परता दिखाते हुए रिक्शे के नीचे दबे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 19 जेड आर 1685 खचाखच भरा हुआ था। खगौरा के पास अचानक अनियंत्रित होकर रिक्शा सड़क पर पलट गया। रिक्शे के पलटते ही उस पर लदी सामान की भारी बोरियाँ सवारियों के ऊपर आ गिरीं,जिससे उसमें सवार 6 महिलाएँ और 2 पुरुष नीचे बुरी तरह दब गए। इसी दौरान सराय



से लौट रहे क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी संजय गुप्ता माधवगढ़ और सुमित गुप्ता की नजर हादसे पर पड़ी। उन्होंने बिना वक्त गँवाए अपनी गाड़ी रोकी और रेस्क्यू शुरू किया। दोनों समाजसेवियों ने स्थानीय लोगों की मदद से भारी बोरियों को हटाकर नीचे दबे सभी महिला-पुरुषों को सकुशल बाहर निकाला। भीषण गर्मी और दम घुटने की वजह से सभी यात्री बेहद डरे और घबराए हुए थे। समाजसेवियों ने तुरंत सभी को छाँव में बैठाया,पानी पिलाकर शांत कराया और उनका हालचाल जाना। राहत की बात यह रही कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बाद भी किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। इसके बाद ई-रिक्शा को भी सीधा कराकर सुरक्षित रवाना किया गया। संजय गुप्ता और सुमित गुप्ता द्वारा ऐन वक्त पर दिखाई गई इस सजगता और सेवाभाव की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

## जनगणना कार्य में नगर निगम को बड़ी कामयाबी, 95 फीसदी लक्ष्य हासिल

**सतना।** नगर निगम क्षेत्र में चल रहा जनगणना का महाअभियान अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। निगम प्रशासन की कुशल मॉनिटरिंग और मैदानी अमले की मुस्तैदी के चलते शहर में करीब 95 प्रतिशत जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। निर्धारित कुल 434 एचएलबी में से 412 एचएलबी का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है,जबकि महज 22 ब्लॉकों में काम शेष है।नगर पालिक निगम सतना के आयुक्त एवं प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी डॉ.शेर सिंह मीना ने बताया कि शेष बचे 22 एचएलबी में भी कार्य अंतिम चरण में है,जिसे जल्द ही शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर सटीक जानकारियों का संकलन किया जा रहा है,जिससे शहर का एक अद्यतन (अपडेटेड) और व्यवस्थित डेटाबेस तैयार हो सके।इस बड़ी उपलब्धि के पीछे निगम प्रशासन की सतत निगरानी, प्रभावी कार्ययोजना और फील्ड स्टाफ का आपसी समन्वय रहा है।भीषण गर्मी के बावजूद टीम ने तेजी से सर्वे कर लक्ष्य को करीब ला दिया है। इस डेटा के तैयार होने से भविष्य में शहर के विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़ी मदद मिलेगी।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर चोर घुसे लाखों के जेवर और नकदी पार



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बगहा में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। यहाँ एक नामी प्रॉपर्टी डीलर के सूने कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने 50 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सनसनीखेज वारदात के बाद पीड़ित परिवार ने तुरंत 112डायल और सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन टीआई पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से घटनास्थल की जांच शुरू की।

### चैनल गेट फांदकर अंदर घुसे,ड्रिल मशीन से काटा दरवाजा

मिली जानकारी के अनुसार,बगहा में बाईपास कलश मंडप पैलेस के पीछे स्थित सैनिक कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर दिनेश सिंह उर्फ सिद्धू सिंह का निवास है। बीती रात चोर बाउंड्री का चैनल गेट फांदकर घर के अंदर दाखिल हुए। शातिर चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे लकड़ी के दरवाजे को निशाना बनाया और उसमें ड्रिल मशीन से छेद करके कटर की मदद से दरवाजा खोल लिया।

### कमरे का कूलर खराब था,इसलिए टला बड़ा हादसा

दिनेश सिंह के पुत्र अर्पित सिंह ने बताया कि चोर सीधे उनकी मां के कमरे में दाखिल हुए और वहां रखे सोने-चांदी के जेवरात व कैश समेट लिया। गनीमत रही कि उस वक्त कमरे का कूलर खराब था,जिसके कारण उनकी मां रात करीब 12:30 बजे दूसरे गेस्ट रूम में सोने चली गई थीं। अगर वह कमरे में होतीं,तो चोर उन पर जानलेवा हमला भी कर सकते थे।

### ढाई बजे खुली नींद,तो उड़ गए होश

पीड़िता जब रात करीब ढाई से पौने तीन बजे के बीच जागीं और अपने कमरे की तरफ गईं,तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी में रखे करीब 25 तोला सोने के गहने,डेढ़ किलो चांदी और 12 लाख रुपए नकद गायब थे। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर परिजनों को जगाया। पीड़ित दिनेश सिंह की सूचना पर सिविल लाइन थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मोटर साइकिल चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 3 बाइक बरामद

**सतना।** शहर में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुस्तैदी दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं,जिनकी कुल कीमत सवा दो लाख रुपये आंकी गई है।
चेकिंग के दौरान धरे गए आरोपी
पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी केअनुसार,मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने घेराबंदी की थी। संदेही युवकों को रोककर जब वाहनों के दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई,तो वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने मोटरसाइकिलें चोरी की होने की बात कबूल कर ली। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दानिश सिद्दीकी पिताः मो.हमीद खान,उम्र 21 वर्ष,निवासी नजीराबाद श्यामू भाई के घर के पीछे,कुआं के पास, सतना है। मो.हसन उर्फ राशिद उर्फ लल्लन पिता मो.आरिफ,उम्र 28 वर्ष,निवासी नजीराबाद पेट्रोल पंप के पीछे,मस्जिद के सामने,सतना है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर 03 अदद मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। जब्त किए गए इस माल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2,25,000 रुपये बताई जा रही है।

# सतना रेलवे स्टेशन पर 'पानी' को तरसते मुसाफिरः भीषण गर्मी में दावों की फुसकी बम, अधिकारियों की लापरवाही या ठेकेदारों से 'साठगांठ'?

**सतना।** देशभर के साथ-साथ सतना जिला भी इस वक्त भीषण और जानलेवा गर्मी की चपेट में है। आसमान से बरसती आग के बीच पारा रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर पहुंच चुका है,लेकिन इस भीषण तपिश में पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्टेशन पर यात्रियों को भरपेट पीने का पानी तक मयस्सर नहीं हो रहा है,जिससे रेल प्रशासन के मुस्तैदी के तमाम दावों की कलई खुल गई है।

### ठंडे पानी की 'इबारत' सूखी,दावों का घड़ा फूटा

स्टेशन परिसर में जगह-जगह 'ठंडा पानी' उपलब्ध होने के बड़े-बड़े बोर्ड और इबारतें तो लिखी हैं, लेकिन हकीकत में ये तमाम दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यात्रियों को न तो ठंडा पानी मिल पा रहा है और न ही सामान्य पानी। प्यास से बेहाल यात्री जब वाटर बूथों की तरफ दौड़ते हैं,तो उन्हें सिर्फ निराशा हाथ लगती है।

### नलों की कछुआ चाल, 5 मिनट के स्टॉपेज में कैसे बुझे प्यास?

हद तो तब हो जाती है जब ट्रेनों के ठहराव के



दौरान यात्री पानी के लिए भागते हैं। सतना स्टेशन पर अधिकांश महत्वपूर्ण ट्रेनें महज 5 मिनट के लिए रुकती हैं। इस अल्प समय में नलों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। विडंबना देखिए कि नलों से पानी की रफ्तार इतनी धीमी है कि 5 मिनट में बमुश्किल एक या दो यात्री ही अपनी बोतल पूरी भर पाते हैं। रफ्तार धीमी होने के पीछे क्या अधिकारियों और ठेकेदारों की कोई सोची-समझी साजिश है? क्या जानबूझकर पानी की किल्लत पैदा की जा रही है ताकि यात्री महंगे दामों पर पैकेज्ड वाटर खरीदने को मजबूर हों? यह तो उच्च स्तरीय जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

### 'एसी' कमरों से बाहर निकलने की फुर्सत नहीं,जबलपुर के साहब भी मौन

सतना रेलवे जंक्शन पर बड़े-बड़े जिम्मेदारों की तैनाती है। वेतन और सुविधाएं तो मोटी हैं,लेकिन इन्हें अपने वातानुकूलित (एसी) कार्यालयों से बाहर निकलने की फुर्सत नहीं है। अधिकारियों की यह घोर उदासीनता सीधे तौर पर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने की नीयत और उनके साथ कथित 'साठगांठ' की ओर इशारा करती है। हैरानी की बात यह है कि जबलपुर से जो आला अधिकारी सतना जंक्शन का दौरा करने आते हैं,उन्हें भी यात्रियों की यह बेबसी और बदहाली नजर नहीं आती।भीषण गर्मी में मुसाफिरों को पानी मिल रहा है या नहीं,वाटर कूलर्स काम कर रहे हैं या बंद पड़े हैं,या फिर नलों की रफ्तार सुस्त क्यों है-इसकी जांच करने की जहमत किसी भी साहब ने नहीं उठाई। अधिकारियों की यह 'सौतेली' कार्यप्रणाली आम जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब देखना यह है कि इस गंभीर लापरवाही पर रेलवे बोर्ड कोई कड़ा एक्शन लेता है या यात्री ऐसे ही प्यासे तड़पते रहेंगे।



खबर संक्षेप

## देवेंद्रनगर रेंज के हटूपुर में कुआं में मिला तेंदुआ का शव



**पन्ना।** उत्तर वन मंडल अंतर्गत देवेंद्रनगर रेंज की बृजपुर क्षेत्र के ग्राम हाटू पुर के एक कुआं में तेंदुआ का शव बरामद हुआ है तेंदुए का शव तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है घटना की जानकारी लोगों द्वारा बन कर्मियों को दी गई थी वन कर्मियों द्वारा सब को बरामद कर अंतिम संस्कार के लिए स्मृति वन ले जाया गया है।

## फंदे में लटकी मिली युवती की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिघराखुर्द में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को परीक्षण के लिए रीठी शासकीय अस्पताल भेज दिया गया। मामले को लेकर परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमा उर्फ रानू पटेल पिता राजेश पटेल 18 साल 04 माह निवासी तिघराखुर्द का शव फंदे में लटका मिला। पुलिस ने कार्यवाही कर लाश को पीएम के लिये अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण शव परीक्षण समय पर नहीं हो सका, जिससे परिजनों में नाराजगी देखी गई। बाद में जिला अस्पताल से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था की गई। स्थानीय लोगों ने रीठी अस्पताल में महिला डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की मांग उठाई है। परिजनों का यह भी कहना है कि अस्पताल में उपलब्ध डेड बॉडी फ्रीजर खराब होने के कारण उन्हें अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में रीठी बीएमओ डॉ. आशित निगम ने बताया कि फ्रीजर पूर्व से खराब है और संसाधनों की कमी को धीरे-धीरे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही जिला अस्पताल से शव वाहन की व्यवस्था भी कराई गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

## युवक के खाते से 3 लाख 14 हजार रूपये किये पार

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से शातिर जालसाजों ने लाखों रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कैमोर के खलवारा बाजार तिलक चौक निवासी विनीत गुप्ता 34 वर्ष के साथ यह वारदात हुई। शातिर ठगों ने बीती 12 अप्रैल की सुबह 10:00 बजे से 15 अप्रैल की दोपहर 03:00 बजे के बीच इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित को भनक भी नहीं लगी और किस्तों में उसके बैंक खाते से कुल 3 लाख 14 हजार रुपये साफ कर दिए गए। जब पीड़ित को खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला और उसने बैंक से संपर्क किया, तब जाकर इस बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। बैंक से ट्रांजेक्शन डिटेल निकालने के बाद पीड़ित विनीत गुप्ता ने कैमोर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस हाईटेक चोरी के बाद कैमोर थाना पुलिस ने मामले को तकनीकी जांच के लिए जिला साइबर सेल को सौंप दिया है। पुलिस उस UPI आईडी और बैंक खातों को ट्रेस करने में जुट गई है, जिसमें विनीत गुप्ता के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं।

## मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य के पर्यवेक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में कटनी जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 का कार्य तेजी से चल रहा है। इस प्रक्रिया की निगरानी और दावे-आपत्तियों के पर्यवेक्षण के लिए आयोग द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अनूप तिवारी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# राज्य स्तरीय जैव विविधता पुरस्कारों में दक्षिण पन्ना का परचम, "जैव विविधता स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग" सम्मान से हुआ सम्मानित

### वन कर्मियों जगदीश अहिरवार और वीरेंद्र पटेल का भी व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मान

### गिद्ध संरक्षण, जैवविविधता अभिलेखीकरण, जनभागीदारी आधारित नवाचार सर्पदंश जागरूकता अभियान ने दिलाई पहचान



पन्ना। अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2026 के अवसर पर भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (प्प्थ्ड) में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा घोषित "राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार 2024 एवं 2025" में दक्षिण पन्ना वनमण्डल को "जैवविविधता स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग" श्रेणी में सम्मानित किया गया। राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जारी आदेश अनुसार दक्षिण पन्ना वनमण्डल का चयन उक्त श्रेणी में किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण, चेन्नई के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र आर. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल के निदेशक डॉ. के. रविचंद्रन ने की तथा राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. बी. बालाजी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय पुरस्कार दक्षिण पन्ना वनमण्डल की ओर से वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई श्री नितेश पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा श्री परिवेश भदौरिया द्वारा प्राप्त किया गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के नामांकन की अनुशंसा जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार एवं वनमण्डलाधिकारी द्वारा की गई थी। दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अनेक अभिनव एवं जनभागीदारी आधारित कार्य किए गए। वनमण्डल द्वारा पक्षियों, तितलियों, औषधीय पौधों, विरासत वृक्षों, प्राकृतिक झिरियों तथा स्थानीय जैविक धरोहरों का व्यापक अभिलेखीकरण एवं दस्तावेजीकरण किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर जैवविविधता संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में दक्षिण पन्ना द्वारा "वल्चर फ्रेंडली गौशाला", सतत मॉनिटरिंग, प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम एवं ग्रामीण सहयोग आधारित संरक्षण मॉडल विकसित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण पन्ना क्षेत्र में गिद्धों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2021 में जहां गिद्धों की संख्या 614 थी, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 1127 तक पहुँच गई। मानव-सर्प संघर्ष को कम करने एवं सर्पदंश से बचाव हेतु दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा विशेष "सांप-सीढ़ी" आधारित शैक्षणिक खेल विकसित किया गया। इस नवाचार के माध्यम से हजारों बच्चों एवं ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार एवं वैज्ञानिक जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध कराई गई। इस पहल से जनजागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा मानव-सर्प संघर्ष संबंधी भ्रांतियों को कम करने में सहायता मिली। व्यक्तिगत (शासकीय) श्रेणी में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के वनरक्षक श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार को प्रथम पुरस्कार एवं वनरक्षक श्री वीरेंद्र पटेल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार द्वारा दक्षिण पन्ना क्षेत्र में 129 महत्वपूर्ण औषधीय पौधों का अभिलेखीकरण एवं जनजागरूकता कार्य किया गया। वहीं वीरेंद्र पटेल द्वारा कल्दा क्षेत्र में 97 पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण कर पक्षी एवं जैवविविधता संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल की यह उपलब्धि जनभागीदारी, टीम भावना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार आधारित संरक्षण प्रयासों का परिणाम है। यह सम्मान न केवल दक्षिण पन्ना वन विभाग बल्कि पूरे पन्ना जिले के लिए गौरव का विषय है तथा भविष्य में जैवविविधता संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

# मड़ला थाना प्रभारी के रूप में बखत सिंह ठाकुर को दी गई जिम्मेदारी

**रक्षक ही भक्षक को लेकर बन चुकी थी अब बखत सिंह ठाकुर जो सामाजिक पुलिसिंग को लेकर समाज में अलग ही जाने जाते है मडला थाना की कमान देकर पुलिस अधीक्षक का भरोसा भी माना जा रहा।**

पन्ना





जिले में कानून व्यवस्था का पालन कराये जाने को लेकर पुलिस विभाग की महती जिम्मेदारी मानी जाती है वहीं आम आदमी के लिये न्याय का पहला दरवाजा थाना से ही होकर गुजरता है। जब भी कोई दुख की घड़ी यानिकी आम आदमी को जब पुलिस की मदद की जरूरत होती है तो थाने में ही फरियाद को लेकर फरियादी के रूप में सभी पहुंचते है अचानक भी कई बार पुलिस की मदद की जरूरत आम आदमी को पड़ती है। न्याय की मांग को लेकर पुलिस पर ही भरोसा होता है यहां कुछ दिवस पूर्व मड़ला थाना पुलिस की कार्य प्रणाली सुर्खियों में आ चुकी थी निश्चित ही कर्म का फल सभी को भोगना पड़ता है इसी मड़ला थाना पुलिस पर जब आरोप सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली सामने आई थी तभी पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मड़ला पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर स्वयं अपनी कर्तव्यनिष्ठा दिखाई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पर कार्यवाही की गई। इतना ही नहीं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने पन्ना पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी ज्ञापन कई महानगरों में हुये थे वहीं मड़ला पुलिस की कार्यप्रणाली कुछ दिवस पूर्व जहां स्वयं ही रक्षक की भूमिका का निर्वाहन करने वाली पुलिस भक्षक के रूप में चर्चा में आई पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू ने जहां निलंबन की कार्यवाही तो की ही उसके बाद एफआईआर की भी कार्यवाही चर्चा में आई यानिकी यहां साफ जाहिर होता है कि जिले की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू अपनी कार्यप्रणाली कहीं न कहीं कर्तव्य की भूमिका में जो चाहे पुलिस की सेवा में थाना प्रभारी ही क्यों न हो या कि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कानून का पालन कराये जाने को लेकर दायित्व निर्वाहन की भूमिका पन्ना पुलिस अधीक्षक की यहां स्वयं ही नजर आ रही है। अब एक भरोसा पुलिस अधीक्षक पन्ना का बखत सिंह ठाकुर जिन्हें मडला थाना प्रभारी के रूप में जो जिम्मेदारी दी गई है यह इस समय अहम मानी जा रही है भले ही मडला थाना छोटा थाना माना जाता है जिले में पर पुलिस के ऊपर जो छवि को लेकर सामने परिस्थितियां इस थाने में बनी है एक बार फिर पुलिस की बेहतर छवि सामाजिक पुलसिंग व कर्तव्य निष्ठा ईमानदार छवि के साथ जाने-जाने वाले बखत सिंह ठाकुर को जो मडला थाने की कमान सोंपी गई है यह कहीं न कहीं पन्ना जिले के पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मडला थाने को लेकर एक अहम जिम्मेदारी बखत सिंह ठाकुर पर भरोसा जताकर जहां पुलिस के कर्तव्यों को आम जनता में आगे जाना जायेगा। यह थाना जो इस समय विगत माह से चर्चा में है आगे पुलिस की कार्य प्रणाली की क्या तय होगी यह तो आगे आने वालावक्त ही तय करेगा।

# शक्ति केंद्र करही एवं कृष्णगढ़ में आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित





**पवई।** करही एवं कृष्णगढ़ शक्ति केंद्रों में आगामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अधिक से अधिक लोगों तक 'मन की बात' कार्यक्रम पहुंचाने, बूथ स्तर पर तैयारियां करने तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम के प्रसारण स्थल पर समय से उपस्थित रहने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जेके सीमेंट के ट्रालों का आतंक जारी, हिनौती मोड़ पर बोलेरो को मारी टक्कर, आखिर कब जागेगा प्रशासन?



**पन्ना/अमानगंज।** पन्ना-कटनी बायपास पर अमानगंज के हिनौती मोड़ में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही का खतरनाक चेहरा सामने आया, जहां श्रज्ञ ब्मउमदज से जुड़े तेज रफ्तार ट्राले ने बोलेरो वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि ककरहटी का भार्गव परिवार बाल-बाल बच गया, वरना एक और परिवार सड़क पर खत्म हो सकता था।

बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन में नगर परिषद ककरहटी अध्यक्ष की नेम प्लेट लगी थी और परिवार सूरजपुर की ओर जा रहा था। तभी हिनौती मोड़ पर मौत बनकर दौड़ रहे सीमेंट कंपनी के ट्राले ने वाहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया, जैसे यहां हादसा करना और भाग जाना अब आम बात बन चुकी हो। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक जेके सीमेंट के भारी वाहन क्षेत्र की सड़कों पर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते रहेंगे? क्या इन ट्रालों के लिए कोई नियम कानून नहीं है? क्या प्रशासन किसी बड़ी मौत का इंतजार कर रहा है? स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमेंट कंपनी के ट्राले आए दिन सड़कों पर आतंक मचाते हैं। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और लापरवाही अब इन वाहनों की पहचान बन चुकी है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। बायपास रोड पर न पर्याप्त स्पीड ब्रेकर हैं, न चेतावनी बोर्ड और न ही भारी वाहनों की गति नियंत्रण की कोई व्यवस्था। सड़क ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है और प्रशासन शायद कंपनी के ट्रालों के आगे नतमस्तक दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर हर हादसे के बाद सिर्फ जांच की बात क्यों होती है? कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या आम आदमी की जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि ट्रालों के पहियों के नीचे कुचलने के बाद ही सिस्टम जागता है? लोगों का आरोप है कि सीमेंट कंपनी के भारी वाहन क्षेत्र में "मौत का नेटवर्क" बन चुके हैं। सड़क पर निकलने वाला हर व्यक्ति डर के साये में सफर करता है, क्योंकि पता नहीं कब कोई तेज रफ्तार ट्राला जिंदगी को रौंदते हुए निकल जाए। स्थानीय नागरिकों ने हिनौती मोड़ सहित पूरे बायपास मार्ग पर तत्काल स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और भारी वाहनों की निगरानी की मांग की है। लोगों ने साफ कहा है कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी, तो किसी दिन बड़ा हादसा पूरे सिस्टम की लापरवाही को बेनकाब कर देगा।

# जिला अस्पताल में सुसाइड की कोशिश, बेरोजगारी से तंग बच्चा वार्ड की छत पर फंदे से लटका युवक, लोगों ने बचाया



**पन्ना।** जिला अस्पताल परिसर से बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ बेरोजगारी और आर्थिक तंगी से परेशान एक युवक ने अस्पताल के बच्चा वार्ड (पीडियाट्रिक वार्ड) की छत पर जाकर फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। युवक को हवा में लटकता देख अस्पताल परिसर में हड़कंप और अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि वहाँ मौजूद सुरक्षा गार्डों और आम नागरिकों ने गजब की फुर्ती और तत्परता दिखाई, जिससे युवक को समय रहते सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। तौलिए का फंदा बना छत से झूला युवक, गाड्र्स ने काटा फंदा पन्ना जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार को एक युवक अचानक बच्चा वार्ड की छत पर पहुंच गया। वहाँ उसने अपने पास मौजूद तौलिए का फंदा बनाया और उसे छत के सहारे बांधकर लटक गया। नीचे खड़े लोगों की नजर जैसे ही हवा में झूलते युवक पर पड़ी, उन्होंने चीखना-पुकारना शुरू कर दिया। शोर सुनकर अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड और स्थानीय नागरिक तुरंत छत की ओर दौड़े। उन्होंने बेहद सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल फंदे को काटा और युवक को नीचे उतारा। समय रहते मिली इस मदद के कारण युवक की सांसें बच गईं। होश में आते ही छलका दर्दरू श्लंबे समय से था बेरोजगार और डिप्रेशन मेंश फांसी के फंदे से उतारे जाने के तुरंत बाद युवक को जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने त्वरित इलाज शुरू किया। होश में आने के बाद युवक की शिनाख्त ग्राम छोटी महोड निवासी देवीदीन दुबे के रूप में हुई। युवक ने रोते हुए अपना दर्द बयां किया और बताया कि वह लंबे समय से बेरोजगार है। लाख कोशिशों के बाद भी कोई काम-धंधा न मिलने के कारण वह गहरे मानसिक तनाव और डिप्रेशन (अवसाद) के दौर से गुजर रहा था। इसी भयानक हताशा और आर्थिक तंगी के चलते उसने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का आत्मघाती कदम उठाया था। हालत स्थिर, डॉक्टरों की टीम कर रही है काउंसलिंग सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता के मुताबिक, ट्रॉमा वार्ड में इलाज के बाद युवक की शारीरिक हालत फिलहाल पूरी तरह स्थिर और खतरे से बाहर बनी हुई है। चूंकि मामला गहरे अवसाद से जुड़ा है, इसलिए डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी शारीरिक सेहत की निगरानी करने के साथ-साथ उसकी विशेषज्ञ काउंसलिंग (च्েलबीवसवहपबंस ब्वनदेमसपदह) भी कर रही है ताकि उसके मन से आत्महत्या के विचार को निकाला जा सके। अस्पताल प्रशासन की लिखित सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है।

**थाना पवई, कोतवाली एवं धरमपुर के कुल 8 प्रकरणों में फरार चल रहा था आरोपी**

# पाँच वर्षों से फरार आरोपी को पवई पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दीर्घकालिक लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पवई पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान थाना पवई के अपराध क्रमांक 559/2020, 13/2021, 34/2021 एवं 89/2021 धारा 457, 380 भादवि के अंतर्गत घर में घुसकर चोरी करने के मामलों में पिछले 05 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी कोमल (अहिरवार) उर्फ विनय वर्मा पिता राजकरण वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम शिमौनी सिंगपुर थाना तिंदवारी जिला बांदा (उ.प्र.) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त आरोपी थाना पवई के 04 अपराधों के अतिरिक्त कोतवाली पन्ना के 03 एवं थाना धरमपुर के 01 अपराध में भी फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तकनीकी जानकारी एकत्रित कर दिनांक 22/05/2026 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से प्राप्त पुलिस रिमांड के आधार पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक एम.एल. कोल, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, आरक्षक राजेश बरकने एवं पन्ना साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण पर भालू का जानलेवा हमला, सिर और चेहरा नोचा, हालत नाजुक, जिला अस्पताल में भर्ती




**पन्ना। जिले के जंगलों में हिंसक वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह रैपुरा क्षेत्र के बिलपुरा जंगल में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक ग्रामीण पर भालू ने अचानक हमला कर दिया।**

हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलपुरा निवासी भईयन आदिवासी (50) शुक्रवार सुबह रोज़ की तरह जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भालू ने ग्रामीण को जमीन पर पटक दिया और सिर व चेहरे पर कई बार हमला किया। ग्रामीण की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद अन्य लोग मौके की ओर दौड़े। लोगों ने लाठी-डंडों से शोर मचाकर किसी तरह भालू को भगाया, लेकिन तब तक भईयन गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। हमले में उनके सिर और चेहरे पर गहरे घाव आए हैं और काफी खून बह गया। घायल को तत्काल रैपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. एम.एल. चौधरी ने बताया कि घायल के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें हैं तथा उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद बिलपुरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। तेंदूपत्ता सीजन के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण रोजाना जंगलों में जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और वन्यजीवों से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बने जयराम यादव

पन्ना।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश इकाई को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारतीय संविधान और समाजवादी विचारधारा के प्रति गहरी निष्ठा रखने वाले जयराम यादव को पन्ना जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव सहमति सेतमध्य प्रदेश प्रदेश समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के द्वारा उनकी नियुक्ति की गई है जयराम यादव की पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा, अखिलेश यादव जी के प्रति समर्पण और उनके अनुशासित व्यवहार को विशेष रूप से सराहा गया है।पत्र में उनसे अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की रीतियों नीतियों से आमजन को अवगत कराते हुए पार्टी में जोड़ने का प्रयास करेंग।एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश इकाई को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम करेंगे। तथा आम जनता की आवाज को उठाने का तथा लोगों की समस्या का निराकरण करने के लिए तत्पर रहेंगे श्री यादव को अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं शुभचिंतकों ईस्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भीषण गर्मी से राहत दिलाने शासकीय दफ्तरों का समय बदलने की मांग, अपाक्स ने सी.एम. को लिखा पत्र

**पन्ना।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन अपाक्स ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शासकीय कार्यालयों का समय प्रातःकालीन करने की मांग की है। अपाक्स के प्रांताध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वर्तमान में प्रदेश के अनेक जिलों में तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। तेज गर्म हवाओं और लू के कारण जनजीवन के साथ-साथ शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि दोपहर के समय लू लगने, निर्जलीकरण, चक्कर आने जैसी स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारी, महिला कर्मचारी, वरिष्ठ कर्मचारी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ति अधिकारी-कर्मचारी ज्यादा परेशान हैं।अपाक्स ने प्रदेशहित एवं कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि जब तक तापमान सामान्य नहीं हो जाता, तब तक शासकीय कार्यालयों का समय सुबह जल्दी का कर दिया जाए अथवा ऐसा उपयुक्त समय निर्धारित किया जाए जिससे कर्मचारी लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। संगठन ने विश्वास जताया है कि संवेदनशील एवं कर्मचारी हितैषी सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर लाखों कर्मचारियों को राहत प्रदान करेगी।

**खबर संक्षेप**

## अवैध खनिज भण्डारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

*कलेक्टर ने रेत, गिट्टी और मुरूम का अवैध भंडारण एवं परिवहन में की बड़ी कार्रवाई*

*18 प्रकरणों में 58 लाख 40 हजार 290 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित*

**गौर रोड टार कंपनी प्रा. लि. पर 36 लाख से अधिक का जुर्माना**

**छतरपुर**। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में छतरपुर जिले में खनिजों के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री जैसवाल ने 21 मई को जारी आदेश के तहत विभिन्न वाहन चालकों एवं मालिकों पर कुल 58 लाख 40 हजार 290 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है।खनिज विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर अवैध खनिज परिवहन एवं भंडारण के मामलों में कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई करते हुए 18 विभिन्न प्रकरणों में कुल 58 लाख 40 हजार 290 रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कार्रवाई रेत, गिट्टी एवं मुरम के अवैध परिवहन एवं भंडारण से जुड़े मामलों में की गई।जारी सूची के अनुसार विजय कुमार महातीम सिंह पर 2 लाख 25 हजार रुपए, हेमंत कुमार द्विवेदी पर 30 हजार 625 रुपए, जावेद खान पर 18 हजार 912 रुपए, प्रभाकर शुक्ला पर 11 हजार 250 रुपए, रज्जाब खान एवं चंद्रभान रजक पर 30-30 हजार 625 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। इसी प्रकार मेसर्स यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स पर दो अलग-अलग मामलों में 1 लाख 87 हजार 500 रुपए एवं 2 लाख 62 हजार 500 रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। जितेंद्र यादव पर 81 हजार रुपए, दिलीप यादव पर 61 हजार 200 रुपए तथा मेसर्स बाबा कंस्ट्रक्शन प्रो. गोविंद सिंह पर 1 लाख 50 हजार रुपए की कार्रवाई की गई।इसके अलावा जितेंद्र यादव पिता गौरीशंकर पर 30 हजार 625 रुपए, सीपेंद्र उर्फ पुष्पेंद्र यादव पर 4 लाख 32 हजार 344 रुपए, मलखान पर 26 हजार 250 रुपए, दिनेश यादव पर 30 हजार 625 रुपए तथा चंद्रप्रकाश यादव पर 10 हजार 209 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। सबसे बड़ी कार्रवाई गौर रोड टार कंपनी प्राइवेट लिमिटेड पर की गई, जिस पर 36 लाख 58 हजार 500 रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित हुआ। इनके द्वारा चंदला क्षेत्र में दो अलग-अलग खदानों से अवैध रूप से मुरूम 2439 घन मीटर का उत्खनन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत डालौन की सरपंच आशा अहिरवार बगैरह पर 5 लाख 62 हजार 500 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## कलेक्टर ने एकल ग्राम योजनाओं की समीक्षा की

**अतुल द्विवेदी गौरिहार फर्म पर एफआईआर के निर्देश**

लवकुशनगर अंतर्गत 2 सब इंजीनियर की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

**कलेक्टर ने कहा नल जल योजनाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पीएचई की एकल ग्राम योजनाओं की समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग के सब इंजीनियर एसडीओ पर योजना में प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने प्रसार ट्रेडिंग कंपनी मुरैना को ब्लैक लिस्ट करने की निर्देश दिए। साथ ही अनुज द्विवेदी गौरिहार फर्म पर पब्लिक न्यूसेंस के मध्य नजर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई और कार्य नहीं कराया गया जिससे आमजन को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जो ठेकेदार कार्य नहीं करें उन पर कार्रवाई करते हुए री-टेंडर की प्रक्रिया करें। इसके अलावा लवकुशनगर अंतर्गत रजपुरवा, मुंडेरी, नगरौली, शाहपुर पटली आदि ग्रामों में खराब प्रगति होने पर संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की निर्देश दिए। साथ ही अतुल शर्मा एवं देवेंद्र सिंह घोष सब इंजीनियर लवकुशनगर की 1-1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा नल जल योजनाओं में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**समिति प्रबंधकों का आरोप : परिवहन व्यवस्था चौपट होने में सबसे बड़ा वेयर हाउस अधिकारी का विशेष योगदान, जिला प्रशासन मौन?**

# मामला गेहूं उपार्जन के परिवहन का : निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक हुई गेहूं खरीदी, लेकिन परिवहन व्यवस्था नहीं होने से हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा, जिला प्रशासन मौन?

छतरपुर।

**किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए जिलें में 80 उपार्जन केन्द्र बनाए गए थे और इन उपार्जन केन्द्रों से खरीदा हुआ गेहूं बेयर हाउसों में संग्रह करने के लिए माहेश्वरी रोड़ लाईन्स को परिवहन का ठेका दिया गया था। लेकिन माहेश्वरी रोड़ लाईन्स परिवहन के कार्य में लापरवाही बरत रहीं है। जिस कारण आज भी उपार्जन केन्द्रों में गेहूं खुले में रखा हुआ है और उसका परिवहन नहीं किया जा रहा है। कई केन्द्रों में स्थिति यह है कि परिवहन ना होने के कारण तुलाई नहीं हो पा रही है कि क्योंकि उपार्जन केन्द्रों में जगह नहीं है। जब तक गेहूं का परिवहन नहीं किया जाता तब तक कई केन्द्रों में तुलाई ठप्प है।**



बैसे भी शासन ने 23 मई तक के स्लॉट की खरीदी 28 मई तक बढा दी है फिर भी तुलाई प्रभावित हो रही है। क्योंकि किसान किराए का ट्रैक्टर लेकर केन्द्रों में पहुंच रहा है और उसे तुलाई ना होने पर कई दिनों तक खड़ा रहना पड़ता है। यदि किसान उपार्जन केन्द्र में ट्रैक्टर ट्राली से जमीन पर गेहूं डालने की बात कहता है तो केन्द्र प्रभारी जमीन पर गेहूं नहीं डालने दे रहे है। जिससे किसान को ट्रेक्टर का अतिक्ति भाड़ा वहन करना पड़ता है। इसके अलावा केन्द्रों में बारदाना नहीं है जिस कारण खरीदी प्रभावित हो रही है। अब तारीख बढने के बाद भी 28 मई तक गेहूं की खरीदी पूरी तरह से हो पाना संभव नहीं है। हर बर्ष गेहूं का परिवहन होता रहा है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी पूर्व के बर्षो में जिन अधिकारियों के हाथ में रहती रही है। वह परिवहन व्यवस्था से जुड़े ठेकेदारों को टाईट करके रखते थे, लेकिन इस बर्षे परिवहन की जिम्मेदारी वेयरहाउस क्रे पंडित जी के हाथ में होने के कारण पंडित जी के दोनो हाथों में घी शक्कर है। बताया जा रहा कि दो दिनों से माहेश्वरी रोड़ लाईन्स की एक भी गाड़ी नहीं आई है। जिस कारण समिति प्रबंधक और भी परेशान हो रहे है, यदि बारिश हो गई तो खुले में रखा हुआ गेहूं पूरा भीग कर नष्ट हो जाएगा और यदि ऐसे गेहूं का बेयर हाउस में भण्डारण किया गया तो भण्डारण के दौरान भी उसके खराब होने के चांस रहेंगे।

**सरकारी आंकड़े बता रहे लगभग साढे 3 लाख क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा-**

प्रशासन के सरकारी आंकड़े भी परिवहन व्यवस्था की पोल खोल रहे है। क्योंकि सरकारी आंकड़े के अनुसार पूरे जिले के उपार्जन केन्द्रों में लगभग साढे 3 लाख किवंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। इसका परिवहन नहीं किया गया है जबकि अभी तक 11 लाख 11 हजार 239 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जाकर बेयर हाउसों में सुरक्षित रखबा दिया गया है लेकिन इसमें भी 50 प्रतिशत गेहूं ऐसा रखा गया है जो एफएक्यू क्वालिटी का नहीं है लेकिन पंडित जी की मेहरवानी के चलते ऐसे गेहूं को रिजेक्ट नहीं किया गया है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि यदि परिवहन और भण्डारण के दौरान यह आशंका पाई जाती है कि गेहूं की क्वालिटी अच्छी नहीं है तो उसका भण्डारण नही किया जाएगा। लेकिन पंडित जी का दिल लक्ष्मी ज़ी क्रे ऊपर ऐसा आया है जिससे वह जानकार भी खराब गेहूं को रिजेक्ट नही कर पा रहे है।

**निर्धारित लक्ष्य से अधिक हो चुकी खरीदी -**

शासन ने गेहूं खरीदी का लक्ष्य 8 लाख 20 हजार क्विंटल निर्धारित किया था। लेकिन इस बर्ष लक्ष्य से कहीं अधिक गेहूं की खरीदी अभी तक हो चुकी है। सरकारी आकड़ों के अनुसार आज दिनांक तक 14 लाख 54 हजार 946 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। यानि 6 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं लक्ष्य से ज्यादा अभी तक खरीदा जा चुका है और अभी 28 मई तक खरीदी होना है अभी तक 30 हजार 448 किसानों का गेहूं उपार्जन केन्द्रों में खरीदा गया है जबकि 35 हजार 141 किसानों के पंजीयन थे। अभी लगभग 5 हजार किसानों के पंजीयन शेष बचे हुए है जिन पर 28 मई तक गेहूं खरीदी होगी। बैसे मुख्यमंत्री के निर्देश है कि जिन किसानों के स्लॉट 23 मई के पहले बुक हो चुके है उनका गेहूं 28 मई तक खरीदा जाएगा। माहेश्वरी रोड़ लाईन्स को परिवहन व्यवस्था का ठेका मिलने के बाद भी परिवहन में लापरवाही होना और ठेकेदार पर प्रशासन द्वारा ठेकेदार के विरूद्व कोई कार्यवाही ना किए जाने से अब परिवहन व्यवस्था को लेकर तरह तरह के सबाल उठ रहे है।

**इनका कहना है -**

परिवहनकर्ता को अभी तक हमारे द्वारा 8 नोटिस जारी कर दिए गए हैं, और वरिष्ठ अधिकारियों को भी परिवहन संबंधी अवगत करा दिया गया है। बहुत जल्द परिवहन व्यवस्था ठीक की जाएगी।

**अभिषेक जैन, प्रभारी**
जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, छतरपुर

# शौच करके लौट रही 19 वर्षीय युवती पर चाकू एवं हंसिया से जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर**। जिले क्रे थाना राजनगर के अंतर्गत इन दिनों अपराधों का ग्राफ बढता जा रहा है। आये दिन थाना राजनगर के ग्रामीण अंचलों में कोई ना कोई अपराधिक बारदात घटित हो रही है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। अभी बिक्रमपुर के पूर्व सरपंच पर दनादन गोलियां दागना और ग्राम पिपट के एक युबक को प्रताड़ित करने पर उसके द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने जैसे अपराध घटित हो चुके है। अब ग्राम खजवा का एक और मामला आया है जहां सरेआम युवती पर एक सिर फिरे युवक ने हंसिया और चाकू से हमला कर दिया जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।



जानकारी के अनुसार खजवा निवासी भोलाराम अहिरवार की पुत्री पूजा अहिरवार उम्र 19 बर्ष बीती शाम 6 बजे खेतों से शौच करके अपने घर बापिस आ रही थी तभी रास्ते में घन्सू अहिरवार जो खजवा का ही रहने बाला है। उसने रोका और चाकू वा हंसिए से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए जिससे युवती के चेहरे गर्दन हाथ सहित शरीर में कई जगह चोटें आई। इस घटना को पूजा अहिरवार के परिवार के बच्चों ने देखा तो उन्होने घर जाकर सूचना दी जिस पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में पड़ी पूजा अहिरवार को लेकर राजनगर थाना पहुंचे लेकिन पुलिस ने पहले उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुचने पर इमरजेंसी डॉक्टर ने पूजा का उपचार कर उसे ट्रोमा बार्ड में भर्ती किया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि युवती के बयान लेकर आरोपी के विरूद्व कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**प्रताड़ित पति ने छतरपुर एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार**

# खौलती सब्जी डालकर पति को जान से मारने का प्रयास

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बिजावर क्षेत्र अंतर्गत बाजना थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है, जहां एक पत्नी पर अपने ही पति पर खौलती हुई सब्जी डालकर जान से मारने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगा है। इस खौफनाक कदम से पीड़ित पति की पीठ बुरी तरह झुलस गई है। पीड़ित पति ने अब छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए लिखित आवेदन सौंपते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



मूल रूप से बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम जसगुवां कला निवासी पीड़ित सुनील अहिरवार पिता मोतीलाल अहिरवार ने बताया कि वह गुरुग्राम (गुडग़ांव), हरियाणा के कादीपुर सेक्टर 10 में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। घटना बीते 7 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे की है। सुनील को काम पर जाना था, इसलिए उसने अपनी पत्नी कंचन अहिरवार से खाना मांगा और उसे पैक करने को कहा। इसी बात पर विवाद करते हुए पत्नी कंचन ने कढ़ाई में उबलती हुई गर्म सब्जी सीधे सुनील की पीठ पर डाल दी। इस जानलेवा हमले में सुनील की पीठ पूरी तरह जल गई, जिसका इलाज उसने एक निजी अस्पताल में कराया। इस घटना के बाद जब वह हरियाणा के स्थानीय पुलिस थाने शिकायत करने पहुंचा, तो वहां उसे अपने गृह जिले छतरपुर जाकर मुकदमा दर्ज कराने की सलाह दी गई।

पीड़ित सुनील का आरोप है कि उसकी पत्नी कंचन अहिरवार का रवैया उसके प्रति शुरू से ही क्रूरतापूर्ण रहा है। वह बात-बात पर झगड़ा करती है और मजदूरी के पैसे भी जबरन छीन लेती है। सुनील ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने जीजा संतोष अहिरवार और बहन गायत्री (निवासी रेवाड़ी, हरियाणा) के बहकावे में है। वे लोग सुनील को जान से मारकर उसकी संपत्ति हड़पना चाहते हैं। पीड़ित ने डर जताते हुए कहा है कि उसकी पत्नी उसे कभी भी खाने में जहर देकर मार सकती है और लगातार जान से मारने की धमकियां दे रही है। पत्नी की इस प्रताडऩा से तंग आकर सुनील अपने बेटे यशवेन्द्र अहिरवार को साथ लेकर वापस अपने गांव जसगुवां कला आ गया है, जबकि उनकी बेटी कंचन के पास ही है। पीड़ित ने एसपी छतरपुर से गुहार लगाई है कि उसकी पत्नी, साढ़ू और साली के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं ताकि उसे और उसके बेटे को सुरक्षा मिल सके।

**गुमशुदा युवती थाने पहुंचकर बोली- मैं नरेंद्र से प्यार करती हूं**

# परिवार के इनकार के बाद प्रेमी संग मंदिर में रचाई शादी

**छतरपुर**। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पठापुर गांव से 18 मई को लापता हुई 19 वर्षीय युवती किरण अहिरवार के मामले में नया मोड़ सामने आया है। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद युवती स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़कर गई थी।



युवती ने बताया कि परिवार द्वारा मारपीट किए जाने से नाराज होकर वह देरी रोड निवासी 21 वर्षीय नरेंद्र अहिरवार के घर चली गई थी। किरण के अनुसार नरेंद्र और उसके परिवार ने उसे समझाने का प्रयास किया तथा उसके परिजनों को सूचना भी दी, लेकिन परिवार ने उसे वापस ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाने में युवती की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी थी।

मामले में आगे दोनों युवक-युवती ओरछा रोड थाने पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बालिग हैं और अपनी इच्छा से विवाह करना चाहते हैं। थाने में दोनों पक्षों की मौजूदगी में समझौते की कोशिश की गई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। युवती का आरोप है कि परिवार ने उसे अपनाने से साफ इनकार कर दिया।

इसके बाद देर रात दोनों छतरपुर स्थित धार्मिक स्थल हनुमान टौरिया पहुंचे, जहां शिव-पार्वती को साक्षी मानकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और विवाह कर लिया। बताया जा रहा है कि अगले माह युवती की परिवार द्वारा धूमधाम से शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन उससे पहले ही उसने अपने प्रेमी के साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# छतरपुर में केन नदी में डूबने से यूपी के 19 वर्षीय युवक की मौत



**छतरपुर**। छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा क्षेत्र के गोयरा थाना इलाके में केन नदी में डूबने से 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बारबंद क्षेत्र में हुआ, जहां युवक अपने परिजनों के साथ नदी में नहाने गया था। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए अवैध रेत उत्खनन को जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि अवैध खनन के कारण नदी में कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गिरवा थाना क्षेत्र स्थित बहेरी गांव निवासी रोहित विश्वकर्मा (19) पुत्र मुन्नू विश्वकर्मा के रूप में हुई है। बताया गया कि नहाते समय रोहित नदी के बीच बने एक गहरे गड्ढे में चला गया। उसे तैरना नहीं आता था, जिसके चलते वह पानी में डूब गया। एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि युवक का शव नदी से बाहर निकालकर चंदला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केन नदी में अवैध रेत खनन के कारण 20 से 50 फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया एलएनटी और लिफ्टर मशीनों से नदी की जलधारा के बीच अवैध उत्खनन कर रहे हैं, जबकि वहां खनन की अनुमति नहीं है। लोगों ने प्रशासन से अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कृषि भूमि की अनियमितताओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



छतरपुर।

भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कृषि भूमि से जुड़ी अनियमितताओं के विरोध में आवेदन सौंपा। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि भूमि रिकॉर्ड में गड़बडिय़ों और अन्य प्रशासनिक अनियमितताओं के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत मिलने वाले मुआवजा वितरण में किसानों को दिक्कतें आ रही हैं। किसान यूनियन ने प्रशासन से मांग की कि कृषि भूमि संबंधी त्रुटियों का जल्द निराकरण किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग भी रखी गई। किसानों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं और सीमित समय के कारण कई किसान स्लॉट बुक नहीं कर पाए हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसानों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# एनसीएल ने "खदानों में विद्युत सुरक्षा" विषय पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिंगरौली। स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने ई एंड एम संवर्ग के अधिकारियों, विद्युत पर्यवेक्षकों एवं इलेक्ट्रिशियनों के लिए "खदानों में विद्युत सुरक्षा" विषय पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण के केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान (सीईटीआई), सिंगरौली में 11 मई 2026 से 16 मई 2026 तक आयोजित किया गया।**

इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट फॉर माइनर्स एंड मेटलवर्कर्स एजुकेशन (आईएमएमई), कोलकाता के बिभास कुमार मुखर्जी एवं एन. अंसारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को विद्युत मशीनरियों के संचालन, अनुरक्षण एवं प्री-कमीशनिंग परीक्षण, इलेक्ट्रिकल ड्राइव एवं कंट्रोल, स्विचगियर एवं प्रोटेक्टिव डिवाइसेज, अर्थिंग सिस्टम, न्यूट्रल सिस्टम ऑफ पावर सप्लाई, सब-स्टेशन की डिजाइन एवं लेआउट, सब-स्टेशन, स्विचयार्ड एवं स्विचबोर्ड में सुरक्षा, ओवरहेड लाइनों का संचालन एवं अनुरक्षण, खदान में प्रयुक्त विद्युत उपकरण एवं मशीनरियों की सुरक्षा, सामान्य सुरक्षा उपाय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विनियम-2023, समय-समय पर संशोधित अधिनियम/नियम तथा ऑन-साइट इमरजेंसी मैनेजमेंट प्लान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय-समय पर कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।



# एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष मिला अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026

**सिंगरौली। एनटीपीसी** विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026 के मेरिट कैटेगरी सम्मान से नवाज़ा गया है। यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता तथा विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों की दिशा में स्टेशन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान कार्यस्थल सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करता है। यह पुरस्कार कर्मचारियों, विक्रेताओं, ठेकेदारों एवं सहयोगियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिन्होंने सक्रिय पहलों, सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन तथा निरंतर सुधार की कार्यसंस्कृति के माध्यम से मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने विद्युत क्षेत्र में एक आदर्श मानक के रूप में अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब स्टेशन को यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार सयुंक्त रूप से श्री आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) एवं श्री अशोक कुमार यादव, उप महाप्रबंधक(टीएमडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से प्राप्त किया। यह सम्मान न केवल स्टेशन के लिए वैश्विक गौरव लेकर आया है, बल्कि सुरक्षित, स्वस्थ एवं सतत भविष्य के निर्माण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को भी पुनः स्थापित करता है।

# घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला, चेहरे और गले पर किए ताबड़तोड़ वार आरोपी महिला व युवक गिरफ्तार

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोही में शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक महिला ने कथित रूप से दूसरी महिला के घर में घुसकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों की सक्रियता से आरोपी महिला और उसके साथ आए युवक को पकड़ लिया गया, जिन्हें बाद में बिछिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान विद्या साकेत निवासी ग्राम लोही के रूप में हुई है। विद्या गांव में चाय-पान की दुकान संचालित कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे एक महिला अपने साथ एक युवक को लेकर पैदल विद्या साकेत के घर पहुंची। उस समय घर के भीतर सामान्य स्थिति थी और विद्या साकेत आराम



कर रही थीं। आरोपी महिला घर के अंदर पहुंची और कुछ ही देर बाद अचानक उसने चाकू निकालकर विद्या साकेत पर हमला कर दिया। हमला इतना अचानक था कि घायल महिला को संभलने तक का मौका नहीं मिला। आरोप है कि हमलावर महिला ने विद्या के चेहरे और गले पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गईं। घटना के दौरान घायल महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और घटनास्थल से भागने की कोशिश कर रहे युवक और आरोपी महिला को पकड़ लिया। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने साथ थाने ले गई। घायल महिला को तत्काल प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराने के बाद उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी में किसी पुराने विवाद अथवा व्यक्तिगत रंजिश की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर घटना की असली वजह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।बिछिया थाना पुलिस का कहना है कि मामले में घायल महिला के बयान और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सात तालों को तोड़कर 10 लाख से अधिक की चोरी सेवानिवृत्त आर्मी मैन के घर अज्ञात चोरों ने बोला धावा

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़िया में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।



चोरों ने घर के सात दरवाजों के ताले तोड़कर नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है। सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बुढ़िया निवासी सेवानिवृत्त आर्मी मैन संत कुमार सिंह गहरवार दो दिन पूर्व किसी आवश्यक कार्य से रीवा गए हुए थे। इसी दौरान उनका मकान सूना पड़ा था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर देर रात घर में घुस गए। चोरों ने एक के बाद एक सात दरवाजों के ताले तोड़ते हुए पूरे घर को खंगाल डाला और लाखों रुपए मूल्य के सामान की चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर घर में रखी एक लाख रुपए नकद राशि, एक किलो से अधिक चांदी के आभूषण तथा करीब 10 तोला सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक चोरी गए सामान की कुल कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। घटना के बाद चोरों द्वारा घर से ले जाए गए जेवरातों के खाली डिब्बे खेत में फेंके गए मिले, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि आरोपियों ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर सामान की छंटनी भी की होगी। जब पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी मिली तो वे तत्काल रीवा से गांव पहुंचे और पुलिस को मामले की सूचना दी।सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# रीठी में बिना लाइसेंस के संचालित हो रही थी अवैध शराब दुकान पुलिस ने दी दबिश, भारी मात्रा में शराब जब्त, कई आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रीवा गुरु करण सिंह के निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रीठी पंचायत में लंबे समय से संचालित हो रहे अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, रीठी पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इस संबंध में प्रशासन और पुलिस को अवगत कराया गया था। शिकायतों में यह भी बताया गया था कि अवैध शराब के



कारण क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा था तथा युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने की आशंका बनी हुई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बिछिया थाना प्रभारी राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। साथ ही शराब बिक्री से जुड़े कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई है। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अवैध शराब की आपूर्ति कहां से की जा रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

# अवैध पत्थर परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त, नौबस्ता चौकी पुलिस ने की कार्यवाही

**रीवा।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर गुरुवार को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पत्थर परिवहन कर रही तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद जब्त वाहनों को चौकी परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा कराया गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैजनाथ में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से पत्थरों का परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच की कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान तीन अलग-अलग ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पत्थर लोड कर परिवहन करती हुई पाई गईं।पुलिस जांच के दौरान प्रथम बिना नंबर की नीले रंग की सोनालिका डी-42 आरएक्स कंपनी की ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया, जिसे चालक विपिन केवट पिता पुरुषोत्तम केवट (18 वर्ष), निवासी ग्राम बैजनाथ, थाना चोरहटा, जिला रीवा चला रहा था। जांच के दौरान वाहन चालक परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में बिना



नंबर की सोनालिका एमएम-41 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, जिसे छोटेलाल केवट पिता मोतीलाल केवट (27 वर्ष), निवासी ग्राम बैजनाथ चला रहा था। वाहन में भी पत्थर लोड पाया गया और चालक से वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह उन्हें प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं तीसरी कार्रवाई में लाल रंग की बिना नंबर महिंद्रा बी-275 डीआई ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, जिसे चालक बृजेश केवट पिता विद्यार्थी केवट (23 वर्ष), निवासी ग्राम बैजनाथ, थाना चोरहटा चला रहा था। वाहन में पत्थर लोड पाए गए और दस्तावेजों की जांच के दौरान आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए।पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर पंचनामा एवं गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में खनिज नियमों के तहत आगे की कार्रवाई के लिए संपूर्ण प्रतिवेदन जिला खनिज विभाग रीवा को भेजा गया है।

## भारत को गुटनिरपेक्ष नीति पर मजबूती के साथ खड़ा होने की जरूरत : अजय खरे, विश्व शांति के लिए यह अहम पहल होगी

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि 52 वर्ष पहले 18 मई 1974 को दुनिया के पांच वीटो पावर और परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन की उपस्थिति को चुनौती देते हुए भारत ने परमाणु शक्ति हासिल की थी। इतिहास गवाह है कि भारत के आजादी के आंदोलन का इतना जबरदस्त प्रभाव रहा कि कभी सूर्यास्त नहीं होने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन अधिकांश देशों के लिए 20 वीं शताब्दी आजादी के रूप में परिलक्षित हुई। श्री खरे ने कहा कि संविधान निर्माण में स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों का प्रभाव साफ़ नज़र आता है। विशाल संघीय ढांचे के रूप में भारत के विकसित होने में भी आजादी के आंदोलन की अहम भूमिका रही जिसके चलते करीब 565 देशी रियासतों का विलय संभव हो सका। आजाद भारत शुरुआत से गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करता रहा है। भारत की गुटनिरपेक्ष नीति उसकी बड़ी ताकत रही है। जब कभी यह नीति कमजोर हुई तो विश्व शक्ति संतुलन बिगड़ा और भारत कमजोर हुआ। श्री खरे ने कहा कि भारत की गुटनिरपेक्ष नीति का मतलब किसी भी देश का पिछलग्गू न होकर विश्व जनमत का सम्मान करते हुए विश्व शांति को मजबूती प्रदान करना है। आज पूरी दुनिया भारत को आशा भरी निगाहों से देख रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व को इस बारे में गंभीरता से विचार करते हुए गुटनिरपेक्ष नीति पर मजबूती के साथ खड़ा होना चाहिए। विश्व शांति के लिए यह अहम पहल होगी।

# एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही की प्रतिदिन रिपोर्ट दें - कमिश्नर कमिश्नर ने एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही के दिए निर्देश

**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में 29 मई को प्रस्तावित मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित विभागीय एजेण्डा बिन्दुओं पर जिला स्तर से की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करके प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संयुक्त संचालक कृषि खाद और बीज की उपलब्धता तथा वितरण, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती एवं कृषि विविधीकरण के संबंध में वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दें।

संयुक्त संचालक पशुपालन विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ कामधेनु योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। इस योजना से मऊगंज, रीवा और सिंगरौली जिलों में बैंकों में लंबित प्रकरणों का निराकरण कराकर अपेक्षा के अनुरूप प्रगति लाएं।कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक नगरीय विकास नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण, स्ट्रीट डॉग्स के संबंध में माननीय न्यायालय के निर्देशों के परिपालन में की जा रही कार्यवाही तथा पेयजल व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन दें। सभी नगरीय निकायों में स्ट्रीट डॉग्स को सुरक्षित रखने के लिए जमीन का चिन्हांकन




कराएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराकर जल स्तर घटने से बंद हैण्डपंपों को चालू कराएं। सिंगल फेज मोटर आवश्यकता के अनुसार सभी जिलों को उपलब्ध कराएं। हर बस्ती में पेयजल की समुचित व्यवस्था करना हमारी जिम्मेदारी है। एकल नलजल योजनाओं का शेष कार्य पूरा कराकर इन्हें समारोहपूर्वक ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। आपूर्ति नियंत्रक सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। उपार्जित गेंहू के परिवहन और सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करें। किसानों को किए जा रहे भुगतान की नियमित मानीटरिंग करें। बैठक में कार्यकारी निदेशक औद्योगिक विकास निगम यूके तिवारी ने बताया कि रीवा संभाग में आगामी तीन वर्षों में लगभग एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। रीवा जिले के घूमा-कटरा, मैहर जिले के अमझर तथा सिंगरौली जिले के बरगवां में निवेश के कई बड़े प्रस्ताव मिले हैं। रीवा जिले में टाटा एनर्जी 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। बीपीसीएल 37 लाख करोड़ रुपए की लागत से कोयले से ईंधन गैस बनाने का संयंत्र सिंगरौली जिले में लगाने जा रही है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि रीवा में बनाए जा रहे आईटी पार्क में निवेश के लिए आईटी कंपनियों को आमंत्रित करें। बैठक में कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, तकनीकी शिक्षा तथा कौशल उन्नयन विभाग एवं खनिज विभाग के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि यूपी बागरी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने सुरभि एवं गोपाला गौशेड का किया लोकार्पण 1200 गौवंश के आश्रय की हुई व्यवस्था

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम गौसंरक्षण का बड़ा केन्द्र बनने जा रहा है। यहां प्राकृतिक खेती की भी शुरूआत की जा रही है। इस स्थल को हरीतिमायुक्त बनाकर सुरम्य बनाया जायेगा। उन्होंने सुरभि एवं गौपाला गौशेड का लोकार्पण किया जहां 1200 से अधिक गौवंश को आश्रय मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल नई दिल्ली से चलकर प्रयागराज होते हुए सीधे हिनौती गौधाम पहुंचे जहां उन्होंने गौपूजन किया तथा गाय को गुड़ खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेड गौशेड के निर्माण के कार्य शीघ्र गति से पूर्ण करायें ताकि वर्षा से पूर्व अधिक से अधिक गौवंश के आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने सभी गौशेड में बिजली व पंखे की व्यवस्था करने तथा भूसा शेड में बिजली की व्यवस्था के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम में लगाये गये पौधों की नियमित सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गौधाम आदर्श गौधाम बनेगा जहां 25 हजार गौवंश के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।








उन्होंने गौधाम के प्रबंधक तथा गौसेवकों के मानदेय में वृद्धि की बात भी कही। शुक्ल ने गौसेवकों के लिये गौधाम में शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम जनप्रतिनिधियों की मांग पर नादघाट के पहुंचमार्ग को दुरूस्त करने तथा इसके सौन्दर्यीकरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने गौधाम के वर्कप्लान का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि व गौधाम के सलाहकार राजेश पाण्डेय, सीईओ जनपद प्राची चतुर्वेदी, हरिश्चन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारी व गौधाम से सबद्धजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने तीन तहसीलदारों को दिया कारण बताओ नोटिस

**रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के तीन तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी को सीमांकन नहीं करने, तहसीलदार सेमरिया ममता पटेल को गलत सीमांकन करने तथा तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरि को सीमांकन नहीं होने तथा पटवारी द्वारा राशि की मांग किए जाने जैसी लापरवाही व स्वेच्छाचारिता पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि गत जनसुनवाई के दौरान आवेदकों ने अपनी समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया था। तदनुक्रम में कलेक्टर द्वारा कार्यवाही की गई है।

## कलेक्टर द्वारा बुधवार व गुरूवार को न्यायालयीन कार्य की सुनवाई की जायेगी

**रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी कार्य दिवस में प्रत्येक बुधवार व गुरूवार को न्यायालयीन कार्य की सुनवाई करेंगे। कलेक्टर द्वारा अपरान्ह 2 बजे से न्यायालयीन कार्य की सुनवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार व शुक्रवार को निर्धारित थे।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 150092 मी. टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा ।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 31111 किसानों से 150092 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 35213 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित गेंहू में से 111473 मीट्रिक टन का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है। किसानों के खाते में अब तक 213 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। किसानों से 28 मई तक गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।

## जिला पंचायत सीईओ ने गंगेव जनपद के दो जीआरएस को किया सेवा से पृथक

**रीवा ।** शासन की महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले दो ग्राम रोजगार सहायको पर गाज गिरी है। गंगेव जनपद पंचायत सीईओ प्राची चौबे के कड़े रुख और प्रस्ताव पर रीवा जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो जीआरएस को सेवा से पृथक कर दिया है।*जमीनी निरीक्षण के बाद तत्काल हुई कार्रवाई*जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर द्वारा इन दिनों लगातार पंचायतों का औचक और सघन दौरा किया जा रहा है।धरातल पर उतरकर जमीनी हकीकत जानने के दौरान जब कई पंचायतों में शासकीय योजनाओं में भारी लापरवाही सामने आई, तो उन्होंने सख्त रुख अपनाया।इसी कड़ी में गंगेव जनपद की ग्राम पंचायत घुचियारी के जीआरएस प्रकाश उपाध्याय और ग्राम पंचायत जोरौड़ी के जीआरएस अजीत पांडेय को पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के चलते तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।*जनपद सीईओ प्राची चौबे ने दी सख्त चेतावनी*गंगेव जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे अपने कर्तव्यों के प्रति लगातार सक्रिय और सजग नजर आ रही हैं।

# करही में अवैध बोरिंग पर प्रशासन की कार्रवाई, मशीन जब्त

**मऊगंज** जिले में अवैध बोरिंग के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नईगढ़ी जनपद क्षेत्र के ग्राम करही की सेन बस्ती में संचालित एक अवैध बोरिंग मशीन को जब्त किया है। यह कार्रवाई कलेक्टर संजय जैन के मार्गदर्शन एवं मऊगंज एसडीएम एपी द्विवेदी के निर्देशन में की गई।कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सुनील द्विवेदी, नायब तहसीलदार बबलेश तिवारी, पटवारी विवेक तिवारी एवं थाना प्रभारी ऋषि द्विवेदी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित बोरिंग मशीन को रुकवाकर जब्त किया और मशीन को थाने ले जाकर पुलिस कार्यवाही शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार जब्त की गई मशीन श्रीशक्ति बोरवेल की है, जिसका वाहन क्रमांक KA 01 MU 2566 बताया गया है।हालांकि प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद भी बड़ा सवाल यह है कि देवतालाब और नईगढ़ी क्षेत्र में अब भी कई स्थानों पर अवैध बोरिंग मशीनें खुलेआम संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार भूजल स्तर गिर रहा है, इसके बावजूद बिना अनुमति बोरिंग का काम जारी है और जिम्मेदार विभागों की नजर कई मशीनों तक अभी नहीं पहुंच पाई है।ग्रामीणों ने मांग की है कि केवल एक-दो जगह कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी करने के बजाय पूरे क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर अवैध बोरिंग मशीनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भूजल दोहन पर प्रभावी रोक लग सके।



# बरांव चौराहा में आये दिन मौत का खेल, समाजसेवियों का दावा 3 वर्ष में 40 मौतें, फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग

**मऊगंज।** जिले के कलेक्ट्रेट के पास स्थित **NH**-135 का बरांव मोड़ चौराहा अब लोगों के लिए दहशत और मौत का पर्याय बनता जा रहा है। यहां आए दिन हो रहे सड़क हादसों ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर, अनियंत्रित ट्रैफिक और सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी के चलते यह चौराहा अब "ब्लैक स्पॉट" के रूप में बदनाम हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां से गुजरना मतलब जान हथेली पर लेकर चलना है।समाजसेवी एवं इंजीनियर विनीत मिश्रा ने इस गंभीर मुद्दे को लेकर प्रशासन को झकझोरने की कोशिश की है। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में दावा किया है कि बीते तीन वर्षों में बरांव मोड़ पर लगभग 30 से 40 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं तो लगभग प्रतिदिन की बात बन चुकी हैं। हादसों में कई परिवार उजड़ चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग अब तक ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है।बताया जा रहा है कि यह चौराहा मऊगंज कलेक्ट्रेट, प्रशासनिक कार्यालयों, हेलीपैड और ग्रामीण संपर्क मार्गों को जोड़ने वाला प्रमुख केंद्र है। दिनभर यहां भारी ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। तेज रफ्तार ट्रक, बसें और कॉमर्शियल वाहन अचानक कटिंग लेते हुए निकलते हैं, जिससे स्थानीय वाहन चालकों और राहगीरों की जान खतरे में पड़ जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यहां सुरक्षा के नाम पर कोई प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती। न ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्थित रूप से संचालित हैं, न पर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग, न रिफ्लेक्टर और न ही चेतावनी संकेत बोर्ड।वही प्रत्यक्षदर्शी समाजसेवी बेटा खान ने बताया कि इस चौराहे पर भारी वाहन धड़ल्ले से गुजरते हैं। और यहां से गुजरने वाले लोग सड़क हादसे का शिकार हो जाते हैं कई बार तो मैं अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया हु अगर समय रहते इस चौराहे का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में मौतों का आंकड़ा और भयावह हो सकता है।इसी को देखते हुए समाजसेवी विनीत मिश्रा ने बरांव मोड़ पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर विस्तृत प्रस्ताव प्रशासन को सौंपा है। उनका कहना है कि बढ़ते ट्रैफिक दबाव और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए फ्लाईओवर ही एकमात्र स्थायी समाधान है। इससे न केवल दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी, बल्कि शहर के यातायात को भी बड़ी राहत मिलेगी।

## मतदाता सूची में हर पात्र व्यक्ति का नाम शामिल कराएं - प्रेक्षक

**रीवा।** जिले भर में नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अरूण पाण्डेय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की। प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन की शुद्धता का आधार मतदाता सूची होती है।



पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करें। हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। आयोग के निर्देशों के अनुसार एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची को इसका आधार बनाएं। एसआईआर के दौरान किसी कारणवश यदि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से बाहर रह गया है तो आवेदन कराकर उसका नाम सूची में शामिल कराएं। पुनरीक्षण कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे हर पात्र मतदाता इसका लाभ ले सकें। प्रेक्षक ने कहा कि अगले वर्ष पंचायतराज संस्थाओं तथा नगरीय निकायों के निर्वाचन होंगे। संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद तैयार मतदाता सूची उसका आधार बनेगी। सभी एसडीएम और तहसीलदार पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ पुनरीक्षण का कार्य पूरा कराएं। स्थानीय निर्वाचन बहुत महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता है। उम्मीदवारों को एक-एक मतदाता की जानकारी होती है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद नाम जोड़ने और हटाने के प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को ऑनलाइन दर्ज कराकर निराकृत करें। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 25 मई तक प्राप्त की जाएंगी। अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों को आज ही ऑनलाइन दर्ज कर दिया जाएगा। नगरीय निकायों में 1688 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 5054 मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थान पर मिले हैं। इनके संबंध में समुचित कार्यवाही करके एक स्थान से मतदाता का नाम पृथक किया जा रहा है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रथम चरण तथा द्वितीय चरण में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दावे आपत्तियों के निराकरण के बाद 18 जून को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया जाएगा। पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देने के लिए जिला और खण्ड स्तर पर स्टैंडिंग कमेटी की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। प्रेक्षक मतदाता सूची पुनरीक्षण का जायजा लेने के लिए 26 मई तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। बैठक में सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त ने वार्ड 39, 40, 41 एवं 42 का किया भ्रमण, विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**रीवा।** निगम आयुक्त अक्षत जैन ने शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वार्ड क्रमांक 39, 40, 41 एवं 42 का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रगतिरत विकास कार्यों, पेयजल व्यवस्था, जलभराव की समस्याओं, रोड रेस्टोरेशन एवं साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए।वार्ड क्रमांक 39 के भ्रमण के दौरान उन्होंने रानीतालाब के सामने वाली सड़क एवं बिछिया नदी के नए घाट के सामने निर्मित सड़क की गुणवत्ता कम पाए जाने पर संबंधित संविदाकार एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पेयजल समस्या के निदान हेतु जलप्रदाय टीम को एक माह के भीतर पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं कुछ स्थानों पर सीवरेज चैंबर दबे पाए जाने पर उन्हें अपरेज करने तथा दो दिवस के भीतर वार्ड में हाउस सर्विस कनेक्शन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 40 स्थित वाशिनपुरवा क्षेत्र में निगम आयुक्त ने सीवरेज लाइन के कार्य पश्चात उक्त स्थल में रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 41 में वाटर पाइपलाइन कार्य के दौरान एक माह से सड़क खुदी छोड़े जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को सड़क शीघ्र मोटरेबल बनाने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 42 में तकिया मस्जिद के पास जलभराव की समस्या का स्थायी निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं जगन्नाथ मंदिर के सामने लक्ष्मणबाग जाने वाले आईडीसी क्षेत्र में नाली निर्माण का कार्य रुका होने पर निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर एमपीआईडीसी एवं नगर निगम टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाकर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने वार्ड 39, 40, 41 एवं 42 क्षेत्र से गुजरने वाले नालों से वर्षा पूर्व अतिक्रमण हटाते हुए व्यापक रूप साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिससे वर्षा के समय जलभराव एवं चोक की स्थिति निर्मित न हो और जलनिकासी सुचारू रूप से हो। भ्रमण के दौरान एमआईसी सदस्य पार्षद सुश्री आरती बक्सरिया, गुलाम अहमद, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार तथा सीवरेज एवं जलप्रदाय टीम के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।